# भाजपा मंडल अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग तेज

## 5 जनवरी को घेराव कर आंदोलन करने का अल्टीमेटम, एसपी कार्यालय से भाजपा जिला दफ्तर तक गूंजे मुर्दाबाद के नारे

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । भारतीय जनता पार्टी मंडल मोरवा के अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी की गिरफ्तारी कराने और पार्टी से निष्कासन की मांग को लेकर जिले का सियासी माहौल अचानक गरमा गया है।**

आज दिन शुक्रवार को यह मामला सड़कों से लेकर संगठन कार्यालय तक खुलकर सामने आ गया, जहां अखिल भारतीय बैसवार महासंघ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग मोर्चों पर दबाव की राजनीति शुरू कर दी। यहां बताते चले कि 26 दिसम्बर को एनसीएल हेड क्वाटर सिंगरौली के सामने संविदाकार शंकर प्रसाद बैस के पुत्र सत्यनारायण बैस के साथ मण्डल अध्यक्ष विनोद कुरवंशी एवं अन्य उनके आधा दर्जन सहपाठियों ने बेरहमी से मारपीट किया था। मोरवा थाना में अपराध पंजीबद्ध न होने पर सिंगरौली हॉस्पिटल में उपचार के दौरान देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम के सक्रियता से कोतवाली पुलिस ने जीरो पर अपराध पंजीबद्ध किया था। हालांकि बाद में मोरवा पुलिस ने विनोद कुरवंशी समेत 7 लोगों के विरूद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम किया है। बैस समाज का कहना है कि आरोपियों के विरूद्ध गंभीर धाराएं नही लगाई गई हैं। इसी बात को लेकर सुबह अभा बैस महासंघ के बैस समाज के सैकड़ों लोग एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ने एसपी के नाम सीएसपी को ज्ञापन सौंप कर कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। समाजजनों ने अब तक की पुलिसिंग कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए बीएनएस की धारा 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की स्पष्ट मांग रखी। ज्ञापन में कहा गया कि मामले की गंभीरता के बावजूद अब तक कठोर कानूनी कदम नहीं उठाए गए, जिससे पीड़ित समाज में आक्रोश व्याप्त है।

इसी बीच भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता विंध्यनगर मार्ग स्थित जिला भाजपा कार्यालय ढोटी पहुंच गए। यहां मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी के खिलाफ जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

### 5 जनवरी को बड़ा आंदोलन करने का अल्टीमेटम

कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह को ज्ञापन सौंपते हुए साफ अल्टीमेटम दिया कि 5 जनवरी के पूर्व यदि गिरफ्तारी, अपराध पंजीकरण और संगठनात्मक कार्रवाई नहीं होती, तो 5 जनवरी को एसपी कार्यालय और भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि आज का ज्ञापन केवल सांकेतिक है, अगला कदम बड़ा आंदोलन होगा। वहीं राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह आंदोलन भाजपा के लिए अंदरूनी संकट का रूप ले सकता है। वहीं पुलिस और संगठन-दोनों की चुप्पी ने हालात को और विस्फोटक बना दिया है। अब सबकी निगाहें 5 जनवरी पर टिकी हैं, जब यह सांकेतिक विरोध बड़े आंदोलन में बदलने की चेतावनी दे चुका है।

### सांसद एवं जिलाध्यक्ष को भी सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को भी ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा के कई पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि संतोष वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाजजन मौजूद रहे। इससे साफहै कि मामला अब केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन और प्रशासन दोनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा संगठन की अनुशासनात्मक व्यवस्था और पुलिस की निष्पक्षता दोनों पर उंगलियां उठने लगी हैं। सवाल यह है कि जब मामला सार्वजनिक रूप से सामने आ चुका है और पार्टी के भीतर से ही आवाजें उठ रही हैं, तो अब तक न गिरफ्तारी क्यों हुई और न ही संगठन स्तर पर ठोस कार्रवाई क्यों दिखाई दी।

# दो मोटरसाइकिलों के भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत, दो घायल

## हरफरी के मुख्य मार्ग के पास की घटना, सीधी अस्पताल में मौत

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 2 जनवरी । स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम हरफरी में नववर्ष पर दो युवको की आमने-सामने मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल हो गये हैं। जिनका इलाज सीधी जिला चिकित्सालय में चल रहा है।**

इस संबंध में चितरंगी थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश तिवारी ने बताया कि ग्राम हरफरी निवासी रमेश कुमार विश्वकर्मा पिता भैयालाल विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष एवं राकेश गुप्ता पिता सूर्यलाल गुप्ता उम्र 23 वर्ष दोनों बेकाबू गति से मोटरसाइकिल में सवार होकर चला रहे थे कि हरफरी में ही दोनों मोटरसाइकिलो के आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों मोटरसाइकिलो में सवार चार युवक घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सीधी ले जाया गया। इसी दौरान देर शाम रमेश कुमार एवं राकेश गुप्ता की मौत हो गई। इधर उक्त घटना से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## एक नजर में

### पार्षद उप चुनाव की मतगणना आज

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 34 में बीते दिन कल गुरूवार को पार्षद पद के लिए उप चुनाव हुआ था। जहां 17.31 प्रतिशत यानी कुल 736 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतों की गणना कल दिन शनिवार की सुबह शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पचौर में की जावेगी। जहां सुरक्षा के व्यापक इंतजामात किये गये हैं। इस चुनाव में भाजपा, कांग्रेस एवं बसपा के पार्षद प्रत्याशी मैदान में हैं। ईव्हीएम से कल शनिवार को इनकी किश्मत खुलेगी।

### सरई में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ आज से

**सरई।** जिले के नगर परिषद सरई अंतर्गत स्टेशन के समीप स्थित पावन पिपराही तालाब परिसर में आज से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक शुभारंभ हो रहा है। इस पुण्य अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक अयोध्या धाम से आये इन्देश्वर दास जी महाराज द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन, चरित्र और आदर्शों का रसपूर्ण कथावाचन किया जाएगा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालु भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशाल पंडाल, सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण, आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करना बताया गया है। कथा आयोजन की दिनचर्या के अनुसार प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक मंत्र-जाप एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसके उपरांत अपराह्न 3 बजे से श्रीराम कथा का भावपूर्ण प्रवचन प्रारंभ होगा।

# तहसीलदार मैदानी अमले के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा करें

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया की सीमांकन, बटनवारा, नामांतरण आदि राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि एवं गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया की अपर कलेक्टर एवं सभी उपखंड अधिकारी अपने अधीनस्थ कोर्टों का समय-समय पर निरीक्षण करें तथा सुनिश्चित करें कि तहसील कोर्टों का निर्धारित समय पर नियमित आयोजन किया जाए। कोर्ट में प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्वक निराकरण करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण समय सीमा के बाहर लंबित न रहे एवं संबंधित तहसील अंतर्गत पटवारी 10 दिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि कोर्ट के सम्बंधित कार्यों को हमें पूरी गंभीरता के साथ संचालित करने की आवश्यकता है। मेरे द्वारा भी सभी कोर्टों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रति सप्ताह एसडीएम अपने अधीनस्थ तहसीलदार नायब, तहसीलदार आरआई एवं पटवारियों के साथ बैठक कर राजस्व कार्यों की समीक्षा करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कोर्टों में नियमित रूप से तहसीलदार द्वारा पेशियां ली जाए। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर संजीव पांडेय, एसडीएम सुरेश जाधव, देवसर अखिलेश सिंह, चितरंगी सौरव मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डूबे युवक की तलाश जारी, संसाधनों की कमी पर उठे सवाल

## वार्ड 43 हिर्रवाह निवासी रामजतन साकेत लापता, परिजनों में मचा कोहराम, प्रशासनिक लापरवाही के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के हिर्रवाह निवासी रामजतन साकेत उम्र 40 वर्ष के पुल के नीचे पानी में डूबने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद से युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है। लगातार दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण राहत एवं बचाव कार्य की गति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामजतन साकेत देर शाम पुल के समीप स्थित एक दुकान पर गुटखा लेने गए थे। इसी दौरान किसी प्रत्यक्षदर्शी ने उन्हें पुल के नीचे पानी में डूबते हुए देखा। शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। घटना देर रात की होने के कारण तत्काल प्रभावी रेस्क्यू शुरू नहीं हो सका। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ तथा स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आज सुबह से दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक रामजतन साकेत का कोई पता नहीं चल पाया है।

### घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

रामजतन साकेत अपने परिवार के प्रमुख सदस्य थे। उनके पांच भाई, दो बहनें तथा तीन पुत्र हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन लगातार प्रशासन से तेज और प्रभावी रेस्क्यू की मांग कर रहे हैं। घटना को लेकर वार्ड के पार्षद और परिजनों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सूचना मिलने के बावजूद रेस्क्यू में तेजी नहीं दिखाई गई। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही नगर निगम की महापौर मौके पर पहुंचीं और कलेक्टर से चर्चा की, लेकिन परिजनों का आरोप है कि आश्वासन के अलावा जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। इस घटना ने एक बार फिर पुलों और जलभराव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और वे प्रशासन से स्थायी रेलिंग, चेतावनी बोर्ड, सीसीटीव्ही कैमरे और एनडीआरएफ प्रशिक्षित गोताखोरों की स्थायी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

# युवा लक्ष्य निर्धारण एवं अनुशासन के प्रयास करें : अजय

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 2 जनवरी । स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय देवसर में 600 घंटे का रोजगारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार तिवारी प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावि. प्राचार्य प्रो. जमुना प्रसाद नामदेव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता मिश्रा, क्रीडा अधिकारी खेल विभाग विकासखंड देवसर, स्वीटी सिंह, काउंसलर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर एवं कामिनी दुबे, प्राचार्य शासकीय विद्यालय उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि अजय कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र एवं रोजगार की विभिन्न संभावनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं सतत प्रयास के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

# नौगढ़ गांव के दो पक्षों में जमकर चले लट्ठ

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के नौगढ़ में नये साल के पहले दिन देर शाम दो पक्षों में मामूली बात को लेकर जमकर लट्ठ चले हैं। जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुये हैं। हालांकि रिपोर्ट सुशील कुमार साकेत ने सुरेश बैस वगैरह पर लिखाया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नौगढ़ में फरियादी सुशील कुमार साकेत पिता सुनरवनी साकेत उम्र 27 वर्ष निवासी नौगढ़ ने आरोप लगाया कि सुरेश बैस, मुन्ना बैस, अमर बैस समेत अन्य आरोपियों ने अकारण लाठी-डण्डे से मारपीट करते हुये लहुलुहान कर जाति सूचक गालियां दी है। पुलिस ने आरोपी सुरेश बैस समेत अन्य निवासी नौगढ़ के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296, 115, 351, 35 एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि सुशील कुमार तेज बाईक से जा रहा था कि सुरेश बैस वगैरह ने वाहन को रोक कर धीमी गति से चलाने की समझाइस दे रहा था कि सुशील को उक्त बातें नागवार लग गई और उसने परिजनों को बुलाकर पहले मारपीट शुरू किया। इसके बाद आक्रोशित सुरेश बैस के परिवार जनों ने प्रतिकार करने लगे।

# सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा का संदेश लेकर यातायात पुलिस सक्रिय

## इस वर्ष की थीम सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रखी गई है, सड़क सुरक्षा माह शुरू

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार माह जनवरी 2026 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रखी गई है, जो यह स्पष्ट संदेश देती है कि सड़क पर अपनाई गई सावधानी केवल नियम पालन नहीं, बल्कि अनमोल जीवन की रक्षा का माध्यम है।**

इसी क्रम में जिले में यातायात पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी सामाजिक आवश्यकता बन चुकी है। बढ़ती वाहन संख्या और लापरवाह ड्राइविंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, निर्धारित गति सीमा का पालन करना, मोबाइल फोन का उपयोग न करना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाना जैसे उपाय किसी भी दुर्घटना को टाल सकते हैं। यातायात पुलिस का मानना है कि सुरक्षित व्यवहार अपनाकर न केवल चालक, बल्कि उसके परिवार और समाज का भविष्य भी सुरक्षित किया जा सकता है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिलेभर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ प्रस्तावित की गई हैं। शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा।

# मेहनत से कामयाबी के लक्ष्य को करें हासिल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । कलेक्टर गौरव बैनल ने जिले की प्रतिभावना खिलाड़ी भव्या जायसवाल को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से तीरंदाजी खेल को बेहतर करने के लिए आर्चरी संबंधित उपकरण प्रदान किया।**

भव्या द्वारा नेशनल सब जूनियर आर्चरी टूर्नामेंट ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर 13वां स्थान एवं नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट, जयपुर के स्पोर्ट इवेंट में 18वां स्थान हासिल कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया गया था। भव्या की प्रतिभा को बढ़ावा देते हुए आज कलेक्टर ऑफिस में जिले की बेटी को कलेक्टर द्वारा ओलंपिक कंपटीशन में इस्तेमाल किए जाने वाले तीर एवं वांगार्ड स्पॉटिंग स्कोप प्रदान किया गया। कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे, लगातार मेहनत करने से आपको आपकी मंजिल जरूर मिलेगी। भविष्य में और बेहतर खेल कर जिले राज्य एवं देश का पूरी दुनिया में नाम रोशन करें। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के चेयर पर्सन एसडी सिंह, तीरंदाजी कोच इंद्र कुमार मौजूद रहे।

# शहर के मुख्य भाग तक सक्रिय है यातायात पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । यातायात थाना से महज 300 मीटर दूर कचनी की आधी सड़क पर वाहनों का कब्जा रहता है। जहां यहां वाहन चिटिंयों की तरह अक्सर रेंगते रहते हैं।**

आरोप है कि यातायात पुलिस केवल बैढ़न शहर में ही सक्रिय दिखती है। दरअसल यहां बताते चले कि चार महीने पूर्व कचनी मुख्य मार्ग में सड़क हादसा हुआ था। जहां एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद सड़क पर वाहनों के खड़े होने पर सवाल उठाये जा रहे थे। कुछ दिन तक यातायात पुलिस सक्रिय थी। अब ऐसा नही है। जिसके चलते सड़क पर ही बाइक समेत अन्य वाहन को खड़ा कर देने से आवागमन बाधित हो रहा है।

# जेल जाने के बाद भी पूर्व बीईओ के खिलाफ कार्यवाई से बच रहा सिस्टम

## न्यायालय ने फैसला सुनाया, दोष सिद्ध हुआ, सात साल की सजा और जेल की सलाखों के पीछे 25 दिन, फिर भी कार्रवाई शून्य!

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 जनवरी । भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामदास साकेत आज भी सिस्टम की छाया में सुरक्षित है। न निलंबन, न बर्खास्तगी, सिर्फ फाइलें और चुप्पी।**

जिला शिक्षा अधिकारी से भोपाल तक भेजा गया प्रस्ताव तिजोरी में बंद कर दिया गया, मानो न्याय को ही कैद कर लिया गया हो। वेतन नहीं मिल रहा, लेकिन हाजिरी लग रही है, यह कैसा शासन है। सवाल सीधा है, क्या कानून सिर्फ आम जनता के लिए है और भ्रष्ट अफसरों के लिए ढाल अगर दोष सिद्ध होने के बाद भी कार्रवाई नहीं, तो फिर जीरो टॉलरेंस सिर्फ जुमला है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली राज्य सरकार की नीयत और नीति पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, मुख्यालय बैढ़न द्वारा 4 दिसंबर 2024 को तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बैढ़न एवं प्राचार्य हाई स्कूल के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य रामदास साकेत को भादवि संहिता की धारा 420 एवं 409 के तहत दोषी करार देते हुए 30 हजार रूपये अर्थदंड एवं 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। इसके बावजूद हैरानी की बात यह है कि एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोषी अधिकारी पर न तो निलंबन हुआ और न ही बर्खास्तगी की कार्रवाई। वहीं स्थिति यह है कि सजा के बाद से रामदास साकेत को वेतन तो नहीं दिया जा रहा है, लेकिन वह कभी-कभार कार्यालय पहुंचकर उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कर देता है।

### 25 दिनों तक पचौर जेल में रहे रामदास

सजा सुनाए जाने के बाद रामदास साकेत करीब 25 दिनों तक जेल में बंद रहा। दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह में उसे अग्रिम जमानत मिल गई, लेकिन जमानत मिलते ही सिस्टम ने मानो राहत की सांस ले ली। आमतौर पर ऐसे मामलों में दोष सिद्ध होते ही विभागीय निलंबन स्वतः हो जाता है, लेकिन यहां नियम-कानून को दरकिनार कर दिया गया। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि जिला शिक्षा कार्यालय सिंगरौली द्वारा रामदास साकेत के विरुद्ध निलंबन एवं अन्य विभागीय कार्रवाई के लिए विधिवत प्रस्ताव बनाकर आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल भेजा गया था। इसके बावजूद आज तक न कोई आदेश जारी हुआ और न ही कोई स्पष्टीकरण सामने आया। आरोप है कि यह फाइल भोपाल के शिक्षा कार्यालय में तिजोरी के भीतर बंद कर दी गई है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किसके संरक्षण में यह फाइल आगे नहीं बढ़ पा रही है।